नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

डॉ. सतीश पावड़े लिखित 'द थिएटर ऑफ द एब्सर्ड' पुस्तक को विशेष उल्लेखनीय लेखन पुरस्कार

वर्धा, दि. 31 दिसंबर 2019 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के प्रदर्शनकारी कला (फिल्म एवं थिएटर) विभाग के सहायक प्रोफेसर नाटककार-नाट्य निर्देशक डॉ.सतीश पावडे लिखित नाट्य समीक्षा पुस्तक 'थिएटर ऑफ द एब्सर्ड' को 'विशेष उल्लेखनीय लेखन पुरस्कार' के लिए चयनीत किया गया है। 'द थिएटर ऑफ



द एब्सर्ड' पुस्तक का लोकार्पण विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल के करकमलों द्वारा डॉ. गिरीश गांधी की अध्यक्षता संपन्न हुआ है।

अखिल भारतीय मराठी महामंडल की इकाई तथा विदर्भ की सबसे प्राचीन संस्था विदर्भ साहित्य संघ, नागपुर द्वारा इस पुरस्कार की घोषणा हाल ही में की गई है। इसके पूर्व भी इसी पुस्तक को राज्यस्तरीय मातोश्री सुर्यकांतादेवी पोटे उत्कृष्ट नाट्य समीक्षा पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। डॉ. पावडे की नाटक से संबंधित इक्कीस पुस्तके प्रकाशित हो चुकी हैं।

उन्होंने मराठी विश्वकोष के नाट्य इकाई के सलाहकार मंडल के सदस्य तथा महाराष्ट्र सरकार के नाटक सेन्सार बोर्ड के सदस्य के रुप में भी कार्य किया है। उन्हें स्मिता पाटिल स्मृति पुरस्कार, मैग्नम ऑनर एवार्ड, युनेस्को क्लब्स नाट्य गौरव एवार्ड के साथ-साथ महाराष्ट्र सरकारने उत्कृष्ट नाटककार के रुप में पुरस्कृत किया है।